Title: Need to release adequate funds for early completion of construction work on National Highway No.12 between Jabalpur and Tendukhera, Madhya Pradesh.

श्री रामनरेश त्रिपाठी (सिवनी) : उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश में राट्रीय राजमार्ग क्रमांक 12 जबलपुर से भोपाल अनेक दशकों से निर्माणाधीन है। इसके निर्माण की गति इतनी धीमी है कि लगता है कि 21वीं सदी बीतने के बाद भी इसका निर्माण पूरा नहीं हो सकेगा। तेन्दूखेड़ा से भोपाल तक यह सिंगल मार्ग है। काली मिट्टी का क्षेत्र होने के कारण बरसात में प्रायः हर दिन कोई न कोई वाहन क्रासिंग करते समय फंस जाता है और संपूर्ण मार्ग कई घंटों के लिए अवरूद्ध हो जाता है। दोनों तरफ सेंकड़ों वाहनों की लाइन लग जाती है। कई बार यह जाम 24 घंटे नहीं खुलता है। जबलपुर से तेन्दूखेड़ा जहां मार्ग निर्माणाधीन है, निर्माण की गति इतनी धीमी है कि जितना मार्ग बनाया जाता है, अगला निर्माण होने के पहले ही पुराना मिट जाता है। केन्द्र सरकार से आग्रह है कि पर्याप्त बजट आवंटित कर राट्रीय राजमार्ग क्रमांक 12 का निर्माण शीघ्र-अति-शीघ्र पूरा कराने का कट करें।